शास्त्री ब्रिज बना अवैध पार्किंग स्थल

अतिक्रमण और जाम से राहगीर व यात्री परेशान

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शहर के शास्त्री ब्रिज पर यातायात व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही है. रेलवे स्टेशन की ओर उतरने वाली ब्रिज की भुजा अब अवैध पार्किंग स्थल में तब्दील होती नजर आ रही है. यहां लोग अपनी कारें और अन्य वाहन सड़क किनारे खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और जाम की समस्या लगातार बढ़ रही है.

रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को छोड़ने और लेने आने वाले लोगों के वाहन भी ब्रिज पर ही खड़े किए जा रहे हैं. इसके कारण ब्रिज पर वाहनों का दबाव बढ़ रहा है और आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही है. व्यस्त समय में यहां लंबा जाम लगना आम बात हो गई है. स्थिति को और गंभीर बनाने में ब्रिज के नीचे रेलवे स्टेशन के समीप सड़क पर रिक्शा चालकों का अतिक्रमण भी बड़ी वजह है. सड़क के बड़े हिस्से पर रिक्शों के खड़े रहने से वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और आए दिन जाम की स्थिति बन जाती है.

कारोबार पर पड़ रहा असर: स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि इस अव्यवस्था का सबसे अधिक असर उनके कारोबार पर पड़ रहा है. जाम के कारण ग्राहक दुकानों तक आसानी से नहीं पहुंच पाते. वहीं, इस मार्ग से गुजरने वाली बड़ी सिटी बसें भी जाम में फंस जाती हैं, जिससे यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है.

ट्रैफिक पुलिस की तैनाती हो

हैरानी की बात यह है कि इस पूरे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था संभालने के लिए न तो ट्रैफिक पुलिस के जवान नियमित रूप से दिखाई देते हैं और न ही नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने या पार्किंग व्यवस्था को लेकर कोई प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शास्त्री ब्रिज पर अवैध पार्किंग पर तत्काल रोक लगाई जाए, नियमित रूप से ट्रैफिक पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि यात्रियों, स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

दिल्ली और कोच्चि से मुंबई जा रही दो उड़ानें इंदौर डायवर्ट

▸ मुंबई में खराब मौसम का असर, 243 यात्रियों की सुरक्षित लैंडिंग

नवभारत न्यूज़

इंदौर. मुंबई में खराब मौसम और प्रतिकूल उड़ान परिस्थितियों के कारण रविवार को मुंबई जाने वाले दो विमानों को इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर डायवर्ट करना पड़ा. दोनों विमानों की इंदौर में सुरक्षित लैंडिंग कराई गई. विमान में सवार सभी यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं.

पहली उड़ान एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2963 थी, जो दिल्ली से मुंबई जा रही थी. मुंबई में खराब मौसम के कारण विमान को निर्धारित गंतव्य पर उतारना संभव नहीं होने से सुबह 11.10 बजे इंदौर डायवर्ट किया गया. इस विमान में 105 यात्री और एक शिशु (कुल 106 लोग) सवार थे. वहीं दूसरी उड़ान इंडिगो की फ्लाइट 6ई662 थी, जो कोच्चि (कोचीन) से मुंबई के लिए रवाना हुई थी. इसे भी मुंबई में खराब मौसम के कारण सुबह 11.08 बजे इंदौर एयरपोर्ट पर उतारा गया. इस विमान में 137 यात्री सवार थे. दोनों विमानों के इंदौर पहुंचने के बाद यात्रियों को एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रबंधन की ओर से आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं. मौसम में सुधार होने के बाद संबंधित एयरलाइंस द्वारा उड़ानों को मुंबई के लिए रवाना करने का निर्णय लिया जाएगा. एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, खराब मौसम के चलते मुंबई हवाई अड्डे पर उड़ानों के संचालन पर असर पड़ा, जिसके कारण एहतियात के तौर पर इन विमानों को इंदौर डायवर्ट किया गया. मौसम सामान्य होने के बाद ही आगे की उड़ानें संचालित की जाएंगी.

ऐसा क्यों...

जब किसी एयरपोर्ट पर तेज बारिश, कम दृश्यता, आंधी या रनवे पर सुरक्षित लैंडिंग की स्थिति नहीं होती, तब एयर ट्रैफिक कंट्रोल विमान को नजदीकी वैकल्पिक एयरपोर्ट पर उतारने का निर्देश देता है. मौसम सामान्य होने के बाद विमान अपने निर्धारित एयरपोर्ट के लिए रवाना किया जाता है.

युवा संगम रोजगार मेला आज

इंदौर. युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार, इनोवेशन एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रशिवम वर्मा के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा 6 जुलाई को एक दिवसीय युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा. यह रोजगार मेला जिला रोजगार कार्यालय (जिला उद्योग केन्द्र परिसर), पोलोग्राउंड इंदौर में प्रात: 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा. मेले में युवाओं को रोजगार के साथ-साथ स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी. उप संचालक रोजगार श्री पी. एस. मंडलोई ने बताया कि मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भाग लेंगी.

दुकानों के नामांतरण पर चार साल से लगी है रोक

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में नगर निगम के मार्केटों में दुकानों का नामांतरण पिछले कई वर्षों से बंद है. इस कारण निगम को करोड़ों रुपए राजस्व का नुकसान हो रहा है. नामांतरण नहीं होने से दुकानदारों को संपत्ति संबंधी कई प्रशासनिक और व्यावसायिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है.

शहर में नगर निगम के पालिका प्लाजा-1, पालिका प्लाजा-2, महाराजा कॉम्प्लेक्स सहित व्यावसायिक इमारतों में 450 से ज्यादा दुकानें है. उक्त निगम इमारतों में नामांतरण का मामला पिछले करीब साढ़े चार वर्षों से अटका हुआ है. नामांतरण नहीं होने से जहां दुकानदार परेशान है, वहीं नगर निगम भी नामांतरण शुल्क के रूप में मिलने वाले करोड़ों रुपए राजस्व आय का नुकसान हो रहा है. जानकारी के अनुसार बड़ी संख्या में दुकानदारों ने वर्षों पहले नामांतरण के आवेदन जमा कर दिए थे, लेकिन आज तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई. इसको लेकर व्यापारियों में नाराजगी है. उनका कहना है कि दुकान खरीदने या उत्तराधिकार में मिलने के बाद भी रिकॉर्ड में नाम दर्ज नहीं होने से बैंकिंग, लाइसेंस, कर भुगतान और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में दिक्कतें आ रही हैं. हैरानी की बात यह है कि एक ओर नगर निगम लगातार राजस्व बढ़ाने और आर्थिक संसाधनों की कमी का हवाला देता है. वहीं दूसरी ओर नामांतरण जैसे सीधे राजस्व देने वाले मामलों को वर्षों से लंबित रखा गया है. यदि आवेदनों का समय पर निराकरण हो, तो निगम को अच्छी-खासी आय प्राप्त हो सकती है.

शासन की रोक: नगर निगम राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने कहा कि नामांतरण पर शासन की रोक है. दुकानें किराए पर दी गई और दुकानदारों को विक्रय का अधिकार नहीं है. नगर निगम को दुकानें वापस जमा करनी होगी. निगम उसके बाद फिर नियमानुसार दुकानें आवंटित करेगा. दुकानदार किराया जमा कर रहे है, किराया जमा नहीं करने पर दुकान सील कर देंगे, लेकिन नामांतरण नहीं कर सकते है.

जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे

व्यापारियों का आरोप है कि निगम के जिम्मेदार अधिकारी समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. उनका कहना है कि कई बार आवेदन, पत्राचार और अधिकारियों से मुलाकात के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है. व्यापारियों की मांग है कि पालिका प्लाजा-1, पालिका प्लाजा-2, महाराजा कॉम्प्लेक्स सहित सभी निगम परिसरों में लंबित नामांतरण प्रकरणों का विशेष अभियान चलाकर शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि वर्षों से लंबित समस्या का समाधान हो सके. नगर निगम को भी राजस्व का लाभ मिल सके.

एक नजर में

पुष्प ग्रुप द्वारा फलदार पौधों का रोपण

इंदौर. पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ दिगंबर जैन सोशल ग्रुप पुष्प द्वारा दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर मनाए जा रहे पर्यावरण माह अभियान के अंतर्गत खजराना गणेश मंदिर परिसर में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. ग्रुप सचिव रितेश जैन ने बताया कि पौधारोपण कार्यक्रम में फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी की विशेष उपस्थिति रही. इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष मयंक काला, निवर्तमान अध्यक्ष गिरीश रारा, अतुल गोयल, अजय जैन, फेडरेशन के निवृत्तमान अध्यक्ष राकेश जैन विनायका तथा आशीष सूतवाला सहित ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि एक पेड़ पर्यावरण के लिए, एक पेड़ भविष्य के लिए अवश्य लगाएं. योगेश जैन, प्रवीण प्रीति जैन, अखिलेश रश्मिता जैन, विशाल दीपमाला जैन, जम्बू शाह, डॉक्टर मनीष जैन, करण मल जैन, राकेश मीना जैन, प्रशांत छाबडा, सुषमा जैन, सुरभि जैन ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण देने की सामूहिक जिम्मेदारी है. अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनके संरक्षण का संकल्प लिया.

पौधों की वर्षगांठ मनाई गई

इंदौर. अखिल भारतीय औदुम्बर ब्राह्मण महासंघ द्वारा 2 वर्ष पूर्व विश्रामबाग (रणजीत हनुमान मंदिर मार्ग) में रोपे गए पौधों औदुम्बर एवम् गुलमोहर की द्वितीय वर्षगांठ मनाई गई. पौधों को वस्त्र दुपट्टा पहना कर तिलक किया गया आरती की गई तथा प्रसाद भोग लगाया गया इस अवसर पर विशिष्ट क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि अर्जित करने वाले सामाजिक सदस्य मास्टर अग्नये दुबे नेशनल स्पेलिंग भी प्रतियोगिता में छठा स्थान प्राप्त करने, आदित्य जोशी लघु उद्योग व्यवसायी, स्वाति जोशी एनसीसी ऑफिसर व मनस्वी कानूनगो कथक नृत्य के लिए वियतनाम आमंत्रित का अभिनंदन किया गया. स्वर्गीय रामप्रसाद दुबेस्वतंत्रता संग्राम सेनानी की जयंती पर आयोजित वक्तृत्व कला इंदौर के विजेता देवेंद्र जोशी, हार्दिका दुबे, सुनीला दुबे, चेतना उपाध्याय आदि को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम के अतिथि डॉ. श्रीकांत जोशी, सेवानिवृत्त संचालक वेटरनरी यूनिवर्सिटी जबलपुर, वरिष्ठ समाजसेवी जगदीश चंद्र जोशी, ओम प्रकाश दुबे अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक मंच एवम् योगेश द्विवेदी अध्यक्ष श्री औदुम्बर ब्राह्मण समाज थे. इस अवसर पर महासंघ अध्यक्ष प्रदीप जोशी ने कहा कि सामाजिक एकता से ही राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है. कार्यक्रम में दिनेश दुबे, नागेश्वर द्विवेदी, शैलेंद्र शर्मा, महेश उपाध्याय, प्रवीण जोशी, मुकेश पाठक, अश्विन शर्मा, डॉ वंदना दुबे, चेतना उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में सामाजिक उपस्थित थे. इस अवसर पर समाज जनों द्वारा पिपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर सुदामा नगर रिंग रोड में पौधारोपण किया गया. संचालन किया उमेश द्विवेदी ने तथा आभार माना अजय चौधरी ने.

आरोग्य भारती ने देवगुराड़िया में 1000 पौधे लगाए

इंदौर. आरोग्य भारती मालवा प्रांत के कार्याध्यक्ष वैद्य लोकेश जोशी, महानगर अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नीमा के आह्वान पर महानगर वनसंचार व पौधारोपण देवगुराड़िया में 1000 पौधे लगाए. पौधारोपण वीरसिंह यादव, डॉ.आरएन मिश्रा, मधुकांत दुबे, कमल पाठक, डॉ. चेतन्य गुप्ता, रुपेश गुप्ता, राजेश यादव प्रभाकर कोहेकर, एसएम यादव ने टीम के साथ किया.

निगमायुक्त ने जलूद में नर्मदा योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. निगम आयुक्त ने रविवार को जलूद स्थित नर्मदा चौथे चरण और अमृत 2.0 योजना के निर्माणाधीन कार्यों का दौरा कर निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान शेष खुदाई कार्य में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मशीनरी एवं संसाधनों का तत्काल मोबिलाइजेशन करने के निर्देश दिए.

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल द्वारा आज जलूद स्थित नर्मदा फेस 4, अमृत 2.0 योजना के तहत 1650 एमएलडी का निर्माणाधीन इंटेक वेल तथा 180 एमएलडी फेज-1 एवं फेज-2 इंटेक वेल योजनाओं का मौका निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान बची खुदाई में तेजी लाने के लिए अतिरिक्त मशीनरी एवं संसाधनों का मोबिलाइजेशन करने तथा समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए. आयुक्त द्वारा इसके बाद रॉ वाटर मेन पंपिंग, मेन पाइपलाइन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया. कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन, निर्माण की गुणवत्ता तथा कार्य में अधिक गतिबढ़ाने के निर्देश दिए. इस दौरान निगम जलकार्य कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, पीडीएमसी एवं संबंधित अधिकारी साथ थे.

पौधारोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

इंदौर. रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मेघदूत एवं पंचतत्व फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पुष्प विहार कॉलोनी में वृहद रूप में पौधारोपण किया गया. प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित इस हरित अभियान में रोटरी क्लब ऑफ़ इंदौर मेघदूत के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की. इस अवसर पर डॉ. राजू मंगलावत, डॉ. रजनी मंगलावत, रोटेरियन अनिल उपाध्याय, रचना शुक्ला, आशमा मल्होत्रा, विक्रम चौहान, नरेंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष रोटेरियन विनय गुप्ता एवं सचिव रोटेरियन विनोद वर्मा सहित पंचतत्व फाउंडेशन के अनेक सदस्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम के दौरान सभी उपस्थित सदस्यों ने मिलकर 200 पौधे लगाए एवं लगाये गए पौधों की अगले दो वर्षों तक नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया. इस अभियान के समन्वयक रोटेरियन डॉ. राजू मंगलावत रहे.

सौ छायादार पौधों का रोपण किया

इंदौर. भारत विकास परिषद् तिलक शाखा द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत की भावना को साकार करते हुए रविवार को महू के समीप ग्राम आशापुरा स्थित निसर्ग परिसर में व्यापक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 100 छायादार पौधों का रोपण किया गया. इस अवसर पर शाखा के सदस्यों ने प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया. निसर्ग रहवासी संघ द्वारा लगाए गए पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षण की जिम्मेदारी ली गई है. साथ ही भारत विकास परिषद् तिलक शाखा द्वारा समय-समय पर पौधों का निरीक्षण भी किया जाएगा ताकि सभी पौधे सुरक्षित एवं विकसित हो सकें. कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, सचिव सुभाष चंद्र वर्मा, पर्यावरण प्रमुख कल्पना जैन सहित लगभग पचास सदस्यों की सहभागिता रही.

भ्रष्टाचार और जनविरोधी नीतियों पर भाजपा सरकार कटघरे में : कांग्रेस

नव भारत न्यूज

इंदौर. मध्यप्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, प्रशासनिक अव्यवस्था और जनविरोधी नीतियों पर भाजपा सरकार कटघरे में है. मुख्यमंत्री पर लगे भूमि आवंटन एवं भ्रष्टाचार के आरोपों की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए.

यह बात कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ने पत्रकारों से चर्चा में कही. महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा ओझा ने आज पत्रकारों से चर्चा में कहा कि आरएसएस, भाजपा और विहिप मिलकर चंदा और चढ़ावा चोरी कर रहे हैं. अयोध्या, उज्जैन महाकाल मंदिर सहित देश के मंदिरों में श्रद्धालुओं की आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है. जनता इसका जवाब भाजपा से पूछेगी. उन्होंने कहा कि आज नौजवान छात्र छात्राओं द्वारा शिक्षा प्रणाली को लेकर आत्महत्या की जा रही है. नीट और नेट जैसी परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे है. पटवारी, पुलिस, नर्सिंग भर्ती के साथ व्यापम घोटाला किया गया. किसानों की बदहाल स्थिति, फसलों के उचित दाम, सिंचाई, मुआवज़े, महिलाओं की सुरक्षा, महंगाई, कानून व्यवस्था तथा प्रदेश में विकास से जुड़े मुद्दों पर सरकार विफल रही है. बेरोजगारी और युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर किए जा रहे छल को लेकर ओझा ने सरकार से सवाल किया.

विद्यार्थियों की आवाज उठाने का संकल्प

कांग्रेस नेत्री ओझा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के खिलाफ भूमि आवंटन एवं भ्रष्टाचार से जुड़े आरोपों की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा नैतिक आधार पर इस्तीफे की मांग की. उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने 'छात्रों की गूंज' अभियान से युवाओं और विद्यार्थियों की आवाज़ उठाने का संकल्प लिया है. पत्रकारों से चर्चा के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, प्रवक्ता संतोष गौतम, अमित चौरसिया, कांग्रेस कौमी एकता एवं सद्भावना प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सच सलूजा मौजूद थे.

एक नजर में ▸ गौतमपुरा क्षेत्र में आए दिन लगने वाले जाम में आएगी कमी

पंढरीनाथ चौराहे पर नई एप्रोच रोड से ट्रैफिक को मिलेगी राहत

नवभारत न्यूज़

इंदौर. शहर के व्यस्त पंढरीनाथ मंदिर चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बनाई जा रही नई एप्रोच रोड का निर्माण अंतिम चरण में पहुंच गया है. निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इस मार्ग के शुरू होने से पंढरीनाथ और आसपास के क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा तथा वाहन चालकों को अधिक सुगम और वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा.

नई एप्रोच रोड पंढरीनाथ मंदिर के सामने से सीधे पागनीसपागा पुल के समीप जाकर जुड़ेगी. इसके चालू होने से बड़ी संख्या में वाहन इस मार्ग का उपयोग कर सकेंगे, जिससे ट्रैफिक का बेहतर वितरण होगा और मुख्य मार्गों पर दबाव कम पड़ेगा. विशेष रूप से गौतमपुरा की संकरी एकांकी (वन-वे) गली में रोजाना लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है. वर्तमान में इस क्षेत्र में वाहनों की अधिक आवाजाही के कारण अक्सर यातायात बाधित रहता है, लेकिन नई सड़क बनने के बाद ट्रैफिक का एक हिस्सा नए मार्ग से गुजर सकेगा.

तेजी से चल रहा निर्माण कार्य

अपर आयुक्त अभय राजनगावकर के अनुसार एप्रोच रोड का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इसे जल्द ही पूरा कर यातायात के लिए खोल दिया जाएगा. इसके शुरू होने से न केवल पंढरीनाथ क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में सुधार होगा, बल्कि आसपास के इलाकों में भी आवागमन पहले की तुलना में अधिक सुगम और व्यवस्थित हो सकेगा.

राहुल ने जीती दक्षिण एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप

इंदौर. भारत ने को भूटान की राजधानी थिम्पू में आयोजित 16वीं साउथ एशियन बॉडीबिल्डिंग एंड फिजीक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया. इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में इंदौर (मध्य प्रदेश) के रोहित जेठवा को टेक्निकल असिस्टेंट के रूप में आमंत्रित किया गया था, जो भारतीय बॉडीबिल्डिंग के लिए गर्व की बात है. भारतीय सेना के प्रतिभाशाली बॉडीबिल्डर राहुल सिंह चौहान ने सात देशों के चैंपियन खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर मिस्टर साउथ एशिया 2026 का खिताब जीता. उन्हें 5000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई, अध्यक्ष दातुक पॉल चुआ, निदेशक क्रिस्टीना केम तथा महासचिव चेतन पाथरे ने ट्रॉफी एवं सम्मान प्रदान किया. रोहित ने सफल आयोजन के बाद अतिन तिवारी, शैलेन्द्र व्यास, जितेंद्र कुशवाह तथा बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के सभी का आभार माना.